# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा मार्च २०२३ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

## I. चयन और नियुक्तियों का सारांश

i. पीईएसबी, डीओपी एंड टी ने मार्च माह के दौरान 04 (चार) पदों [निदेशक के लिए 03 और सीएमडी के लिए 01] के लिए विज्ञापन जारी किए। 15 (पंद्रह) चयन बैठकें [सीएमडी के लिए 02 और निदेशकों के लिए 13] आयोजित की गईं। निदेशक (वित्त), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के पद के लिए चयन बैठक 24.03.2023 को आयोजित की गई थी।

ii. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची 'क' एंड 'ख' सीपीएसई में 10 मामलों (अर्थात 10 कार्यात्मक निदेशकों) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। वर्तमान में, विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' सीपीएसई में सीएमडी/एमडी/अध्यक्ष के कुल 48 पद और कार्यात्मक निदेशकों के 112 पद रिक्त हैं। केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम/प्राधिकरणों/आयोगों के अंतर्गत विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों में उप सचिव/निदेशक स्तर पर 11 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्तियां रिक्त पड़ी हैं और स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यपालकों की 03 नियुक्तियां मार्च, 2023 में एसीसी द्वारा अनुमोदित की गई हैं। मंत्रिमंडल सचिव/एसीसी ने विस्तार (07), समय पूर्व प्रत्यावर्तन (05), पुनः नामांतरण (03), गैर-सीएसएस पद पर नियुक्ति (06), पीएस के रूप में नियुक्ति (02), ओएसडी के रूप में नियुक्ति (01), विदेश में नियुक्ति (फारेन असाइनमेंट) (01) पर कार्यकाल का विस्तार और 01 सीवीओ के समय पूर्व प्रत्यावर्तन के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

iii. भारतीय पुलिस सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1954 को भारत के राजपत्र की दिनांक 13 मार्च, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से संशोधित किया गया है।

iv. माह के दौरान कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने निम्नलिखित परीक्षाएं आयोजित की :

क. 3,60,432 उम्मीदवारों के लिए दिनांक 02/03/2023 से 07/03/2023 तक कंप्यूटर आधारित मोड में संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2022 का टियर-2 आयोजित किया गया।

ख. 31,97,170 उम्मीदवारों के लिए दिनांक 09/03/2023 से 21/03/2023 तक कंप्यूटर आधारित मोड में संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर परीक्षा, 2022 का टियर-1 आयोजित किया गया।

v. माह के दौरान, एसएससी ने 5369 रिक्तियों वाले चयन पदों के चरण-XI के लिए दिनांक 06/03/2023 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस जारी किया। यह परीक्षा 27/06/2023 से 30/06/2023 तक आयोजित की जाएगी।

vi. इसके अलावा, एसएससी ने माह के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए हैं:

क. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2021 का अंतिम परिणाम 17 मार्च, 2023 को, जिसमें नियुक्ति के लिए 7541 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई थी।

ख. मल्टी टास्किंग स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2021 का अंतिम परिणाम 24 मार्च, 2023 को घोषित किया गया, जिसमें नियुक्ति के लिए नामांकन के लिए 7494 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई थी।

ग. संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा, 2021 के कौशल परीक्षण का परिणाम 18 मार्च, 2023 को घोषित किया गया था, जिसमें 14873 उम्मीदवार दस्तावेज़ सत्यापन में उपस्थित होने के लिए योग्य थे।

## II. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

क. टीएफए योजना के तहत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के लिए 11 राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) को 497,19,994/- रुपये की लंबित पाठ्यक्रम फीस की प्रतिपूर्ति के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया।

ख. राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी (एनपीसीएससीबी) के संस्थागत ढांचे के हिस्से के रूप में जनवरी 2023 में स्थापित मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय इकाई (सीएससीयू) ने मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में 2 मार्च, 2023 को अपनी पहली बैठक आयोजित की। सीबीसी और कर्मयोगी भारत द्वारा एनपीसीएससीबी के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक प्रस्तुति दी गई।

ग. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईजीओटी प्लेटफॉर्म - "**शक्ति**" पर 7 पाठ्यक्रमों का एक मॉड्यूल लॉन्च किया गया था। शक्ति समान अवसरों को बढ़ावा देने, लैंगिक असमानता को खत्म करने और सार्वजनिक क्षेत्र में स्वस्थ आचरण को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

घ. **कर्मयोगी ऐप डाउनलोड** – 27 मार्च, 2023 तक कर्मयोगी भारत एंड्रॉइड ऐप के 25,088 (पिछले महीने के 11,700 से) डाउनलोड और आईओएस ऐप के 1,568 (पिछले महीने के 393 से) डाउनलोड हुए हैं।

ङ. **इस माह पोर्टल में सर्वेक्षण फॉर्म** और विकल्पों के रेंडमाइजेशन के साथ आकलन की विशेषताएं इस महीने पोर्टल में जोड़ी गई हैं।

च. **राज्य आउटरीच** – कर्मयोगी भारत की टीम विभिन्न राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के साथ मिशन कर्मयोगी और आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के बारे में अभिविन्यास कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए मणिपुर राज्य के 2 दिवसीय दौरे (16-17 मार्च, 2023) पर गई।

छ. **सोशल मीडिया स्टेटस** –14 मार्च, 2023 को कर्मयोगी वार्ता आयोजित की गई। चर्चा का विषय 'लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी' था।

ज. **इन्फोसिस के सह-संस्थापक और अध्यक्ष श्री नंदन नीलेकणि की कर्मयोगी वार्ता** 30 मार्च 2023 को आयोजित की गई थी। चर्चा का विषय 'सरकार में परिवर्तनकारी परियोजनाएं करना' था।

## III. स्थापना मामले

क) अनुमोदित सेवा में डीआर एएसओ 2014 बैच को छूट दी गई जिससे वे एसओ एलडीसीई में शामिल हो सकेंगे और जिससे वे वर्तमान पात्रता से एक साल पहले पदोन्नति के लिए भी पात्र होंगे।

ख) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 27.03.2023 के का.ज्ञा.सं. डीओपीटी-1690082140634 के माध्यम से विभागीय पदोन्नति समितियों पर अनुदेश/दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

ग) दिनांक 29 मार्च, 2023 को केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश यात्रा रियायत) नियमावली, 1988 - प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के संबंध में दिनांक 29 मार्च, 2023 का का.ज्ञा.सं. 31011/06/2023-स्था.क.IV जारी किया गया।

घ) साइबर सुरक्षा – दिनांक 01.03.2023 को साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया और इस विभाग के कर्मचारियों के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के एनआईसी प्रशिक्षण प्रभाग और एनआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली के अनुप्रयोग सुरक्षा लेखा परीक्षा और मूल्यांकन प्रभाग द्वारा "**सामाजिक नेटवर्क का सुरक्षित उपयोग**" पर एक वेबिनार आयोजित किया गया था।

## IV. चिंतन शिविर - सिफारिशों का कार्यान्वयन और विशेषज्ञ वार्ता

क) सीएसओआई, विनय मार्ग, नई दिल्ली में 31.03.2023 को एक चिंतन वार्ता (वार्ता) का आयोजन किया गया, जिसमें सरकार में योग्यता मैपिंग पर एक मानव संसाधन विशेषज्ञ (डॉ सीमा सांघी) द्वारा एक विशेष वार्तालाप डीओपीटी/डीएआरपीजी कर्मचारियों के साथ किया गया।

ख) फोकस समूहों (17-18 फरवरी, 2023 को आयोजित चिंतन शिविर के दौरान गठित) की सिफारिशों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा डीओपीटी सचिव और सचिव एआरपीजी द्वारा उनके विभागों के संबंध में की गईं थी। सिफारिश के कार्यान्वयन की स्थिति को ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म पर भी अद्यतन (अपडेट) किया जाता है। डीओपीटी प्रवेश द्वार पर एक डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया है, जिसमें सभी कर्मचारियों के जन्मदिन प्रतिदिन प्रदर्शित किए जाते हैं।

ग) फोकस ग्रुप के विभिन्न सदस्यों को सामयिक महत्व की छह पुस्तकें प्रदान की गईं ताकि वे पुस्तकों का अध्ययन कर सकें और विभाग के सभी कर्मचारियों के साथ समीक्षा साझा कर सकें और डीओपीटी में सीखने की संस्कृति को बढ़ावा दे सकें।

घ) सॉल्व (एसओएलवीई) पोर्टल पर आईएएस अधिकारियों की वास्तविक समय सतर्कता प्रणाली का एकीकरण सचिव डीओपीटी द्वारा संचालित किया गया था।

**V.** विभिन्न प्रयोजनों अर्थात् अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, पुष्टिकरण आदि के लिए 215 आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।